# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304

E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678


पत्रांक 3965 / कार्य–65/ 25 दिनांक– 21-07-2026


सेवा में,


मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के ई0–पेपर न्यूज मे दिनांक 20.07.2026 को प्रकाशित "भदोही में सड़क चौड़ीकरण की मार : बारीपुर में टूटी जल जीवन मिशन की पाइपलाइन, घरों में पानी का संकट" के सम्बन्ध मे ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के ई0–पेपर न्यूज मे दिनांक 20.07.2026 को प्रकाशित "भदोही **में सड़क चौड़ीकरण की मार:बारीपुर में टूटी** जल जीवन मिशन की पाइपलाइन, घरों में पानी का संकट" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सामाचार में प्रकाशित खबर बारीपुर उपरवार पेयजल योजना के अन्तर्गत सड़क चौडीकरण के कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने सम्बन्धी नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है। उक्त के सम्बंध में अवगत कराना है कि बारीपुर उपरवार पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स वेलस्पन इन्टरप्राइजेज के द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कराया जा रहा है। बारीपुर उपरवार पेयजल योजना के अन्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग शिरोपरि जलाशय(300कि0ली0 / 18मी0) , 20.52 कि0मी0 पाइप लाइन, 1 नग सोलर एवं 580 नग गृह जल सयोजन के कार्य प्रस्तावित है, प्रस्तावित कार्य के सापेक्ष 1 नग नलकूप , 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 20.52 कि0मी0 पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिया गया है। 580 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 520 नग गृह जल संयोजन तथा शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य 40 प्रतिशत(स्टेजिंग स्तर तक) पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है। योजना के द्वारा आंशिक रूप से नलकूप के माध्यम से सीधे जलापूर्ति की जा रही है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क चौडीकरण का कार्य कराया जा रहा है जिसके कारण उपरोक्त पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कराने हेतु मेसर्स वेलस्पन इन्टर प्राइजेज को निर्देशित कर दिया गया है शीघ्र ही क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मरम्त कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति सूचारू रूप से प्रारम्भ करा दी जायेगी।





अतः उपरोक्त प्रकरण को उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) सन्त रविदासनगर भदोही से निक्षेपित करने की कृपा करें।

भवदीय

21-07-26

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(वारा0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner